PUBLICATION NAME :	Aaj
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	27/02/2025
PAGE :	05

ईडीआईआई ने आयोजित किया उद्यमिता पर 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन

अहमदाबाद, 26 फरवरी। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद का 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन (3 दिवसीय) 26 फरवरी को संस्थान के परिसर में शुरू हुआ। उद्यमिता परआधारित तीन दिवसीय सम्मेलन 28 फरवरी को समापन होगा। यह सम्मेलन शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अभ्यासकर्ता के लिए एक मंच है ताकि वे उद्यमिता विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध अध्ययन और निष्कर्ष साझा कर सकें। ईडीआईआई 1994 से उद्यमिता पर द्विवार्षिक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन के दौरान 9 से अधिक देशों के विद्वानों द्वारा 148 शोध पत्र और अध्ययन प्रस्तुत किये गये। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) टीवी राव, फाउन्डर और चेयरमेन, टीवी राव लर्निंग सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद और भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद के पूर्व प्रोफेसर द्वारा किया गया। यह मंच नये दृष्टिकोणों को बढ़ावा देता है और उद्यमशीलता के भविष्य को आकार देता है।